बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग

प्रत्रांकः–प्र0 / ब्रेडा–गै0यो0बजट–03 / 2020– पटना, दिनांक–

प्रेषक,

सुधा गुप्ता,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,
ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना।

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2026–27 में बिहार रिन्युएबुल इनर्जी डेवलपमेंट एजेन्सी (ब्रेडा) को वेतन एवं गैर वेतन मद में सहायक अनुदान के रूप में 9,71,09,000 / –(नौ करोड़ इकहत्तर लाख नौ हजार) रुपये की स्वीकृत राशि के विरूद्ध द्वितीय चौमाही में 3,10,74,880 / –(तीन करोड़ दस लाख चौहत्तर हजार आठ सौ अस्सी) रूपये ब्रेडा को उपलब्ध कराने की स्वीकृति।**

उपर्युक्त विषयक विभागीय राज्यादेश संख्या–5253 दिनांक–16.10.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में बिहार रिन्युएबुल इनर्जी डेवलपमेंट एजेन्सी (ब्रेडा) को वेतन एवं गैर वेतन मद में सहायक अनुदान के रूप में 9,71,09,000 / –(नौ करोड़ इकहत्तर लाख नौ हजार) रुपये की स्वीकृत राशि के विरूद्ध द्वितीय चौमाही में 3,10,74,880 / –(तीन करोड़ दस लाख चौहत्तर हजार आठ सौ अस्सी) रूपये ब्रेडा को भुगतान करने हेतु आवंटन स्वीकृत एवं विमुक्त किया जाता है।

2. उक्त राशि में से 2,31,14,880 / –(दो करोड़ इकतीस लाख चौदह हजार आठ सौ अस्सी) रुपये माँग सं0–10, मुख्य शीर्ष 2810–नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–104– नवीकरणीय ऊर्जा में अनुसंधान, डिजाइन तथा विकास, उप शीर्ष –0001–बिहार रिन्युएबुल इनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी–सहायक अनुदान, विपत्र कोड–10–2810001040001 विषय शीर्ष–31.04 सहायक अनुदान–वेतन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

आवंटन की स्थिति निम्न प्रकार हैः–

बजट उपबंध	पूर्व में आवंटित राशि	वर्त्तमान में आवंटित राशि	कुल आवंटित राशि	बजट उपबंध की शेष राशि
7,22,34,000.00	2,38,37,220.00	2,31,14,880.00	4,69,52,100.00	2,52,81,900.00

एवं 79,60,000 / –(उनासी लाख साठ हजार) रुपये माँग सं0–10, मुख्य शीर्ष 2810–नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–104–नवीकरणीय ऊर्जा में अनुसंधान, डिजाइन तथा विकास, उप शीर्ष–0001–बिहार रिन्युएबुल इनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी–सहायक अनुदान, विपत्र कोड–10–2810001040001 विषय शीर्ष–31.06 सहायक अनुदान–गैर वेतन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

आवंटन की स्थिति निम्न प्रकार हैः–

बजट उपबंध	पूर्व में आवंटित राशि	वर्त्तमान में आवंटित राशि	कुल आवंटित राशि	बजट उपबंध की शेष राशि
2,48,75,000.00	82,08,750.00	79,60,000.00	1,61,68,750.00	87,06,250.00

3. इस राशि की निकासी सचिवालय कोषागार सिंचाई भवन, पटना से की जाएगी।

4. यह आवंटन वित्त विभाग के पत्रांक–12888 दिनांक–03.12.2024 के आलोक में निर्गत किया जाता है तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी से अनुरोध है कि राशि की निकासी के पूर्व सारी प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद हीं इस राशि की निकासी करेंगे। यह राशि इस मद में कुल उपबंधित राशि के अधीन है।

5. आवंटित राशि के निकासी के पूर्व संबंधित विपत्र पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी प्रसंगाधीन आवंटन आदेश की संख्या एवं तिथि के साथ संबंधित विषय शीर्ष का भी उल्लेख करेंगे तथा विपत्र पर चिन्हित राशि बजट उपबंध के अंतर्गत होने का प्रमाण पत्र भी अंकित करेंगे।

6. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा CFMS के माध्यम से सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर इसका भुगतान कार्यान्वयन एजेंसी बिहार रिन्युएबुल इनर्जी डेवलपमेंट एजेन्सी (ब्रेडा) को इण्डियन बैंक, मुख्य शाखा, पटना के खाता संख्या–50091813870 एवं IFSC Code-IDIB000P611 में की जायेगी।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(सुधा गुप्ता),
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/ब्रेडा–गै0यो0बजट–03/2020– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय, कोषागार, सिचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/ब्रेडा–गै0यो0बजट–03/2020– 97 /पटना, दिनांक– 09.11.2026

प्रतिलिपिः–लेखा शाखा (तीन प्रतियों में), ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना/विभागीय बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, ब्रेडा, पटना/आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना/बजट शाखा, वित्त विभाग/राजस्व शाखा, वित्त विभाग/प्रशाखा–7, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09.11.26
सरकार के संयुक्त सचिव।